7.

सं०सं०–2/पेन–75/2025–
बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : **डा० अरुण कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा, बक्सर के अवकाश खाते में संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपरोक्त विषयक वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–8889(2)वि० दिनांक–24.12.1986 पत्रांक–1829(2)वि० दिनांक 07.04.2005 एवं वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग के ज्ञाप संख्या–1838(25), दिनाक–24.10.2024 के आलोक में डा० अरुण कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा, बक्सर को उनके अवकाश खाते मे संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति विभागीय आदेश संख्या–903(3) दिनाक–02.12.2020 के आलोक में इस शर्त्त के साथ दी जाती है कि यदि इनके कार्यकाल में लम्बित निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या–720/87–88 के अनुपालन के क्रम में अथवा अन्य किसी भी मामले में इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली/गबन/दुर्विनियोग आदि का मामला प्रकाश मे आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी तथा साथ ही इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकेगी।

(2) डा० अरुण कुमार श्रीवास्तव का सेवानिवृत्ति की तिथि–30.11.2024 है।

(3) असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बक्सर के पत्रांक–4817 दिनांक–08.12.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि डा० अरुण कुमार श्रीवास्तव दिनांक–01.07.2019 से 30.11.2024 तक उपार्जित अवकाश का उपभोग नहीं किए हैं (छायाप्रति संलग्न)।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सम्बन्ध में अपने स्तर से पूर्णतः संतुष्ट हो जाने के उपरान्त डा० अरुण कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा, बक्सर के पक्ष में 300 (तीन सौ) दिन के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान हेतु प्राधिकार पत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा, बक्सर के नाम से निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–2/पेन–75/2025– 514(2) **पटना, दिनांक** 9/3/ **2026**

प्रतिलिपिः महालेखाकर (ले० एवं ह०) बिहार, पटना/ असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बक्सर/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा, बक्सर/जिला कोषागार पदाधिकारी, बक्सर/ डा० अरुण कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौसा, बक्सर पत्राचार का पता–7C/9C पश्चिमी आनन्दपुरी, पो०–पाटलीपुत्रा थाना–श्रीकृष्णपुरी, जिला–पटना (बिहार), पिनकोड–800001/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/3/26
सरकार के उप सचिव।

D>Sec-2>2025>PEN 2025